दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

SJT

वर्ष-11, अंक-336 मंगलवार 06 दिसम्बर, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

## तीरंदाजी प्रतियोगिता सम्पन्न



विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते कालेज के प्राध्यापक।

छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

**बल्लभगढ़, 05 दिसम्बर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा।** सोमवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय द्वारा अन्तर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। सोमवार को इस प्रतियोगिता के समापन सत्र में मुख्य अतिथि सुभाष शर्मा, जुडो कोच, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कमल टंडन (अंग्रेजी विभागाध्यक्षा) उपस्थित रहे क इस प्रतियोगिता के कंपाउंड राउंड के छात्र वर्ग में कुशल दलाल (सी.डी. जे. एम. कॉलिज, बुटाना) ने प्रथम, मोहित (ए. आई. जे. एच. एम. कॉलिज, रोहतक) ने द्वितीय तथा पुलकित कजला (साउथ पॉइंट कॉलेज, सोनीपत) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में नीतू मलिक (एम. के. जे. के. कॉलिज, रोहतक) ने प्रथम, मुस्कान सैनी (अग्रवाल कॉलिज बल्लभगढ़) ने द्वितीय तथा शिवानी देशवाल (एम. के. जे. के. कॉलेज, रोहतक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने सभी खिलाडियों को हार जीत से ऊपर उठकर खेल को खेल की भावना से खेलने और स्वर्णिम भविष्य की कामना दी। इस अवसर पर संयोजक (खेल समीति) डॉ. के. एल. कौशिक ने बताया कि खेल ही शारीरिक शक्ति का विपुल भण्डार है कखेलों के माध्यम से विद्यार्थियों मे आशा, स्फूर्ति एवं नवीन ऊर्जा का संचार होता है। इस इंटर कॉलेज तीरंदाजी प्रतियोगिता में भिन्न-भिन्न महाविद्यालयों से लगभग 100 खिलाडियों ने हिस्सा लिया। जिसमें इंडियन, रिकर्व और कम्पाउंड की प्रतिस्पर्धा कराइ गई कखिलाडियों को उत्साहित करने में महाविद्यालय के डी.पी. नन्द किशोर, डॉ. जगवीर सिंह, मोहित हुड्डा का सराहनीय योगदान रहता है कइस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्तागण रविन्द्र जैन, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. नरेश कामरा, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. रामचंद जी मौजूद रहे। प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।